Paper - I (For Classes - 1st to 5th)

# JBC – 11

**PAPER I / प्रश्न-पत्र I**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

This booklet contains 52 pages.
इस पुस्तिका में 52 पृष्ठ हैं ।

**Test Booklet Code**
परीक्षा पुस्तिका संकेत

**A**

Year -2011

**Test Booklet No.**
परीक्षा पुस्तिका संख्या

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of $1\frac{1}{2}$ **hours** duration and consists of 150 questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **A**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part I | : Child Development and Pedagogy | *(Q. 1 to Q. 30)* |
| Part II | : Mathematics | *(Q. 31 to Q. 60)* |
| Part III | : Environmental Studies | *(Q. 61 to Q. 90)* |
| Part IV | : Language I – (English/Hindi) | *(Q. 91 to Q. 120)* |
| Part V | : Language II – (English/Hindi) | *(Q. 121 to Q. 150)* |

6. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this test booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Part V (Language II) in a language other than the one chosen as Language I (in Part IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $1\frac{1}{2}$ **घंटे** है एवं परीक्षा में 150 प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **A**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हो तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | *(प्र. 1 से प्र. 30)* |
| भाग II | : गणित | *(प्र. 31 से प्र. 60)* |
| भाग III | : पर्यावरण अध्ययन | *(प्र. 61 से प्र. 90)* |
| भाग IV | : भाषा I — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्र. 91 से प्र. 120)* |
| भाग V | : भाषा II — (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | *(प्र. 121 से प्र. 150)* |

6. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिएँ ।**
7. **परीक्षार्थी भाग V (भाषा II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

Name of the Candidate (in Capitals) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में ) :

Roll Number : in figures ______
अनुक्रमांक : अंकों में
: in words ______
: शब्दों में

Centre of Examination (in Capitals) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में ) :

Candidate's Signature : ______
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ______

निरीक्षक के हस्ताक्षर : ______

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ______

INFOSRF.COM

## PART I / भाग I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

1. "Development is a never ending process." This idea is associated with
   (1) Principle of integration
   (2) Principle of interaction
   (3) Principle of interrelation
   (4) Principle of continuity

2. Four distinct stages of children's intellectual development are identified by
   (1) Skinner
   (2) Piaget
   (3) Kohlberg
   (4) Erikson

3. Parents should play a __________ role in the learning process of young children.
   (1) sympathetic
   (2) neutral
   (3) negative
   (4) proactive

4. The 'insight theory of learning' is promoted by
   (1) Jean Piaget
   (2) Vygotsky
   (3) 'Gestalt' theorists
   (4) Pavlov

5. Motivation, in the process of learning,
   (1) makes learners think unidirectionally
   (2) creates interest for learning among young learners
   (3) sharpens the memory of learners
   (4) differentiates new learning from old learning

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* **सबसे उचित** *विकल्प चुनिए ।*

1. "विकास कभी न समाप्त होने वाली प्रक्रिया है ।" यह विचार किससे सम्बन्धित है ?
   (1) एकीकरण का सिद्धांत
   (2) अंतःक्रिया का सिद्धांत
   (3) अंतःसम्बन्ध का सिद्धांत
   (4) निरंतरता का सिद्धांत

2. बच्चों के बौद्धिक विकास की चार विशिष्ट अवस्थाओं की पहचान की गई
   (1) स्किनर द्वारा
   (2) पियाजे द्वारा
   (3) कोह्लबर्ग द्वारा
   (4) एरिकसन द्वारा

3. बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में माता-पिता को __________ भूमिका निभानी चाहिए ।
   (1) सहानुभूतिपूर्ण
   (2) तटस्थ
   (3) नकारात्मक
   (4) अग्रोन्मुखी

4. 'सीखने के अंतःदृष्टि सिद्धांत' को किसने बढ़ावा दिया ?
   (1) जीन पियाजे
   (2) वाइगोत्स्की
   (3) 'गेस्टाल्ट' सिद्धांतवादी
   (4) पैवलॉव

5. सीखने की प्रक्रिया में, अभिप्रेरणा
   (1) शिक्षार्थियों को एक दिशा में सोचने के योग्य बनाती है
   (2) शिक्षार्थियों में सीखने के प्रति रुचि का विकास करती है
   (3) शिक्षार्थियों की स्मरण-शक्ति को पैना बनाती है
   (4) पिछले सीखे हुए को नए अधिगम से अलग करती है

INFOSRF.COM

6. Which of the following is ***not*** a sign of an intelligent young child ?

(1) One who carries on thinking in an abstract manner

(2) One who can adjust oneself in a new environment

(3) One who has the ability to cram long essays very quickly

(4) One who has the ability to communicate fluently and appropriately

7. Which is the place where the child's 'cognitive' development is defined in the best way ?

(1) Auditorium

(2) Home

(3) Playground

(4) School and classroom environment

8. The stage in which a child begins to think logically about objects and events is known as

(1) Pre-operational stage

(2) Concrete operational stage

(3) Sensori-motor stage

(4) Formal operational stage

9. Which of the following is ***not*** related to the socio-psychological needs of the child ?

(1) Regular elimination of waste products from the body

(2) Need for company

(3) Need for appreciation or social approval

(4) Need for emotional security

6. निम्न में से कौन-सा बुद्धिमान बच्चे का लक्षण ***नहीं*** है ?

(1) वह जो अमूर्त रूप से सोचता रहता है

(2) वह जो नए परिवेश में स्वयं को समायोजित कर सकता है

(3) वह जो लंबे निबंधों को बहुत जल्दी रटने की क्षमता रखता है

(4) वह जो प्रवाहपूर्ण एवं उचित तरीके से संप्रेषण करने की क्षमता रखता है

7. वह कौन-सा स्थान है जहाँ बच्चे के 'संज्ञानात्मक' विकास को सबसे बेहतर तरीके से परिभाषित किया जा सकता है ?

(1) सभागार

(2) घर

(3) खेल का मैदान

(4) विद्यालय एवं कक्षा पर्यावरण

8. वह अवस्था जब बच्चा तार्किक रूप से वस्तुओं व घटनाओं के विषय में चिंतन प्रारंभ करता है, है

(1) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(2) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था

(3) संवेदी-प्रेरक अवस्था

(4) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था

9. निम्न में से कौन-सा बच्चे की सामाजिक-मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं के साथ संबद्ध ***नहीं*** है ?

(1) शरीर से अपशिष्ट पदार्थों का नियमित रूप से बाहर निकलना

(2) सान्निध्य (संगति) की आवश्यकता

(3) सामाजिक अनुमोदन अथवा सराहना की आवश्यकता

(4) संवेगात्मक सुरक्षा की आवश्यकता

INFOSRF.COM

10. Which of the following will foster creativity among learners ?
(1) Emphasizing achievement goals from the beginning of school life
(2) Coaching students for good marks in examination
(3) Teaching the students the practical value of good education
(4) Providing opportunities to question and to nurture the innate talents of every learner

11. 'Mind mapping' refers to
(1) drawing the picture of a mind
(2) researching the functioning of the mind
(3) a technique to enhance comprehension
(4) a plan of action for an adventure

12. "A young child responds to a new situation on the basis of the response made by him/her in a similar situation as in the past." This is related to
(1) 'Law of Attitude' of learning process
(2) 'Law of Readiness' of learning
(3) 'Law of Analogy' of learning
(4) 'Law of Effect' of learning

13. The best way, specially at primary level, to address the learning difficulties of students is to use
(1) easy and interesting textbooks
(2) story-telling method
(3) a variety of teaching methods suited to the disability
(4) expensive and glossy support material

10. निम्न में से कौन-सा शिक्षार्थियों में सृजनात्मकता का पोषण करता है ?
(1) विद्यालयी जीवन के प्रारंभ से उपलब्धि के लक्ष्यों पर बल देना
(2) परीक्षा में अच्छे अंकों के लिए विद्यार्थियों की कोचिंग करना
(3) अच्छी शिक्षा के व्यावहारिक मूल्यों के लिए विद्यार्थियों का शिक्षण
(4) प्रत्येक शिक्षार्थी की अंतर्जात प्रतिभाओं का पोषण करने एवं प्रश्न करने के अवसर उपलब्ध कराना

11. 'मन का मानचित्रण' संबंधित है
(1) मन का चित्र बनाने से
(2) मन की क्रियाशीलता पर अनुसंधान से
(3) बोध (समझ) बढ़ाने की तकनीक से
(4) साहसिक कार्यों की क्रिया-योजना से

12. "एक बच्चा अतीत की समान परिस्थिति में की गई अनुक्रियाओं के आधार पर नई स्थिति के प्रति अनुक्रिया करता है ।" यह किससे सम्बन्धित है ?
(1) सीखने की प्रक्रिया का 'अभिवृत्ति-नियम'
(2) सीखने का 'तत्परता-नियम'
(3) सीखने का 'सादृश्यता-नियम'
(4) सीखने का 'प्रभाव-नियम'

13. विशेष रूप से प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की सीखने सम्बन्धी समस्याओं को संबोधित करने का सबसे बेहतर तरीका है
(1) सरल और रोचक पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोग करना
(2) कहानी-कथन पद्धति का प्रयोग करना
(3) अक्षमता के अनुरूप विभिन्न शिक्षण-पद्धतियों का प्रयोग करना
(4) महँगी और चमकदार सहायक सामग्री का प्रयोग करना

INFOSRF.COM

2021/1/

14. Education of children with special needs should be provided

(1) in special schools

(2) by special teachers in special schools

(3) along with other normal children

(4) by methods developed for special children in special schools

15. 'Dyslexia' is associated with

(1) Reading disorder

(2) Behavioural disorder

(3) Mental disorder

(4) Mathematical disorder

INFOSRF.COM

16. __________ is ***not*** considered a sign of 'being gifted'.

(1) Novelty in expression

(2) Curiosity

(3) Creative ideas

(4) Fighting with others

17. A student of V-grade with 'visual deficiency' should be

(1) treated normally in the classroom and provided support through Audio CDs

(2) given special treatment in the classroom

(3) excused to do a lower level of work

(4) helped with his/her routine-work by parents and friends

14. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए

(1) विशेष विद्यालयों में

(2) विशेष विद्यालयों में विशेष शिक्षकों द्वारा

(3) अन्य सामान्य बच्चों के साथ

(4) विशेष विद्यालयों में विशेष बच्चों के लिए विकसित पद्धतियों द्वारा

15. 'डिस्लेक्सिया' किससे सम्बन्धित है ?

(1) पठन विकार

(2) व्यवहार-सम्बन्धी विकार

(3) मानसिक विकार

(4) गणितीय विकार

16. __________ 'प्रतिभाशाली' होने का संकेत ***नहीं*** है ।

(1) अभिव्यक्ति में नवीनता

(2) जिज्ञासा

(3) सृजनात्मक विचार

(4) दूसरों के साथ झगड़ना

17. पाँचवीं कक्षा के 'दृष्टिबाधित' विद्यार्थी

(1) के साथ कक्षा में सामान्य रूप से व्यवहार किया जाना चाहिए और श्रव्य सी.डी. के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए

(2) के साथ कक्षा में विशेष व्यवहार किया जाना चाहिए

(3) को निचले स्तर के कार्य करने की छूट मिलनी चाहिए

(4) के माता-पिता और मित्रों द्वारा उसे दैनिक कार्यों को करने में सहायता की जानी चाहिए

2021/

**18.** Which of the following statements ***cannot*** be considered as a feature of the process of learning ?

(1) Learning is goal-oriented

(2) Unlearning is also a learning process

(3) Educational institutions are the only place where learning takes place

(4) Learning is a comprehensive process

**19.** Learning can be enriched if

(1) teachers use different types of lectures and explanation

(2) due attention is paid to periodic tests in the class

(3) situations from the real world are brought into the class in which students interact with each other and the teacher facilitates

(4) more and more teaching aids are used in the class

**20.** To make assessment a 'useful and interesting' process, one should be careful about

(1) using a variety of ways to collect information about the student's learning across the scholastic and co-scholastic boundaries

(2) using technical language to give feedback

(3) making comparisons between different students

(4) labelling students as intelligent or average learners

**18.** निम्न में से कौन-से कथन को सीखने की प्रक्रिया की विशेषता ***नहीं*** मानना चाहिए ?

(1) सीखना लक्ष्योन्मुखी होता है

(2) अन-अधिगम भी सीखने की प्रक्रिया है

(3) शैक्षिक संस्थान ही एकमात्र स्थान हैं जहाँ अधिगम प्राप्त होता है।

(4) सीखना एक व्यापक प्रक्रिया है

**19.** सीखना समृद्ध हो सकता है यदि

(1) शिक्षक विभिन्न प्रकार के व्याख्यान और स्पष्टीकरण का प्रयोग करें

(2) कक्षा में आवधिक परीक्षाओं पर अपेक्षित ध्यान दिया जाए

(3) वास्तविक दुनिया से उदाहरणों को कक्षा में लाया जाए जिसमें विद्यार्थी एक-दूसरे से अंतःक्रिया करें और शिक्षक उस प्रक्रिया को सुगम बनाए

(4) कक्षा में अधिक-से-अधिक शिक्षण-सामग्री का प्रयोग किया जाए

**20.** आकलन को 'उपयोगी और रोचक' प्रक्रिया बनाने के लिए ________ के प्रति सचेत होना चाहिए ।

(1) शैक्षिक और सह-शैक्षिक क्षेत्रों में विद्यार्थी के सीखने के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए विविध तरीकों का प्रयोग करना

(2) प्रतिपुष्टि (फीडबैक) देने के लिए तकनीकी भाषा का प्रयोग करना

(3) अलग-अलग विद्यार्थियों में तुलना करना

(4) विद्यार्थियों को बुद्धिमान या औसत शिक्षार्थी की उपाधि देना

INFOSRF.COM

202

21. A teacher, because of his/her democratic nature, allows students to sit all over the class. Some sit together and discuss or do group reading. Some sit quietly and read themselves. A parent does not like it. Which of the following may be the best way to handle the situation ?

(1) Parents should show trust in the teacher and discuss the problem with the teacher

(2) Parents should take away the child from that school

(3) Parents should complain against the teacher to the principal

(4) Parents should request the principal to change the section of their ward

22. Which of the following should be considered the most important quality of a teacher at primary level ?

(1) Competence in methods of teaching and knowledge of subjects

(2) Competence to teach in highly standardised language

(3) Eagerness to teach

(4) Patience and perseverance

23. __________ is considered a sign of motivated teaching.

(1) Questioning by students

(2) Pin drop silence in the class

(3) Maximum attendance in the class

(4) Remedial work given by the teacher

21. एक शिक्षक अपने लोकतांत्रिक स्वभाव के कारण विद्यार्थियों को पूरी कक्षा में कहीं भी बैठने की अनुमति देता है । कुछ शिक्षार्थी एक-साथ बैठते हैं और चर्चा करते हैं या सामूहिक पठन करते हैं । कुछ चुपचाप बैठकर अपने-आप पढ़ते हैं । एक अभिभावक को यह पसंद नहीं आता । इस स्थिति से निबटने का निम्न में से कौन-सा तरीका सबसे बेहतर हो सकता है ?

(1) अभिभावकों को शिक्षक पर विश्वास व्यक्त करना चाहिए और शिक्षक के साथ समस्या पर चर्चा करनी चाहिए

(2) अभिभावकों को उस विद्यालय से अपने बच्चे को निकाल लेना चाहिए

(3) अभिभावकों को प्रधानाचार्य से शिक्षक की शिकायत करनी चाहिए

(4) अभिभावकों को प्रधानाचार्य से अनुरोध करना चाहिए कि वे उनके बच्चे का अनुभाग बदल दें

22. प्राथमिक स्तर पर एक शिक्षक में निम्न में से किसे सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता मानना चाहिए ?

(1) शिक्षण-पद्धतियों और विषयों के ज्ञान में दक्षता

(2) अति मानक भाषा में पढ़ाने में दक्षता

(3) पढ़ाने की उत्सुकता

(4) धैर्य और दृढ़ता

23. __________ को एक अभिप्रेरित शिक्षण का संकेतक माना जाता है ।

(1) विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछना

(2) कक्षा में एकदम खामोशी

(3) कक्षा में अधिकतम उपस्थिति

(4) शिक्षक द्वारा दिया गया उपचारात्मक कार्य

INFOSRF.COM

2021/1/

24. At lower classes, play-way method of teaching is based on

(1) psychological principles of development and growth

(2) sociological principles of teaching

(3) theory of physical education programmes

(4) principles of methods of teaching

25. The term 'curriculum' in the field of education refers to

(1) evaluation process

(2) text-material to be used in the class

(3) methods of teaching and the content to be taught

(4) overall programme of the school which students experience on a day-to-day basis

26. According to Piaget, at which of the following stages does a child begin to think logically about abstract propositions ?

(1) Sensori-motor stage (Birth – 02 years)

(2) Pre-operational stage (02 – 07 years)

(3) Concrete operational stage (07 – 11 years)

(4) Formal operational stage (11 years and up)

24. निचली कक्षाओं में शिक्षण की खेल-पद्धति मूल रूप से आधारित है

(1) विकास एवं वृद्धि के मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर

(2) शिक्षण के समाजशास्त्रीय सिद्धांतों पर

(3) शारीरिक शिक्षा कार्यक्रमों के सिद्धांत पर

(4) शिक्षण-पद्धतियों के सिद्धांतों पर

INFOSRF.COM

25. शिक्षा के क्षेत्र में 'पाठ्यचर्या' शब्दावली ________ की ओर संकेत करती है ।

(1) मूल्यांकन-प्रक्रिया

(2) कक्षा में प्रयुक्त की जाने वाली पाठ्य सामग्री

(3) शिक्षण-पद्धति एवं पढ़ाई जाने वाली विषय-वस्तु

(4) विद्यालय का संपूर्ण कार्यक्रम जिसमें विद्यार्थी प्रतिदिन अनुभव प्राप्त करते हैं

26. पियाजे के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था में बच्चा अमूर्त संकल्पनाओं के विषय में तार्किक चिंतन करना आरंभ करता है ?

(1) संवेदी-प्रेरक अवस्था (जन्म – 02 वर्ष)

(2) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था (02 – 07 वर्ष)

(3) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था (07 – 11 वर्ष)

(4) औपचारिक-संक्रियात्मक अवस्था (11 वर्ष एवं ऊपर)

27. A teacher should make an attempt to understand the potentialities of her/his students. Which of the following fields is related to this objective ?

(1) Media – Psychology

(2) Educational Psychology

(3) Educational Sociology

(4) Social Philosophy

28. Kritika who does ***not*** talk much at home, talks a lot at school. It shows that

(1) she does not like her home at all

(2) her thoughts get acknowledged at school

(3) the school provides opportunities to children to talk a lot

(4) teachers demand that children should talk a lot at school

29. "Children actively construct their understanding of the world" is a statement attributed to

(1) Kohlberg

(2) Skinner

(3) Piaget

(4) Pavlov

30. In which of the following stages do children become active members of their peer group ?

(1) Early childhood

(2) Childhood

(3) Adolescence

(4) Adulthood

27. एक शिक्षक को अपने विद्यार्थियों की क्षमताओं को समझने का प्रयास करना चाहिए । निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र इस उद्देश्य के साथ संबद्ध है ?

(1) मीडिया – मनोविज्ञान

(2) शिक्षा-मनोविज्ञान

(3) शिक्षा-समाजशास्त्र

(4) सामाजिक दर्शन

28. कृतिका अकसर घर में ज़्यादा बात ***नहीं*** करती, लेकिन विद्यालय में वह काफ़ी बात करती है । यह दर्शाता है कि

(1) कृतिका को अपना घर बिल्कुल पसंद नहीं है

(2) उसके विचारों को विद्यालय में मान्यता मिलती है

(3) विद्यालय हर समय बच्चों को ख़ूब बात करने का अवसर देता है

(4) शिक्षकों की यह माँग होती है कि बच्चे विद्यालय में ख़ूब बात करें

29. "बच्चे दुनिया के बारे में अपनी समझ का सृजन करते हैं ।" इसका श्रेय ________ को जाता है ।

(1) कोह्लबर्ग

(2) स्किनर

(3) पियाजे

(4) पैवलॉव

30. निम्नलिखित में से किस अवस्था में बच्चे अपने समवयस्क समूह के सक्रिय सदस्य हो जाते हैं ?

(1) पूर्व बाल्यावस्था

(2) बाल्यावस्था

(3) किशोरावस्था

(4) प्रौढ़ावस्था

INFOSRF.COM